an>

Title: Regarding increase in fare of Jodhpur-Bhopal Express trains.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): महोदया, आपने मुझे गरीब व्यक्ति की जेब से जुड़े हुए मामले पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ।

जोधपुर-भोपाल के बीच चलने वाली ट्रेन, जो भोपाल से जयपुर के बीच चलती है, को जुलाई महीने से पैसेंजर से एक्सप्रेस ट्रेन में बदल दिया गया है। पहले इसे दूरी तय करने में तीन घंटे पच्चीस मिनट समय लगते थे, अब वह सिर्फ तीन घंटे बीस मिनट में पहुंच जाती है। इसके समय में केवल पाँच मिनट का अंतर हुआ है। इसमें एक्सप्रेस ट्रेन जैसी कोई सुविधा भी नहीं है। इसमें वही पुराने डिब्बे लगे हैं। पहले जयपुर से सवाई माधोपुर तक के लिए तीस रुपये लगते थे, अब उसमें 60 रुपये लगने लगे हैं। जयपुर से चाकसू के लिए 10 रुपये लगते थे, उसमें अब 20 रुपये लगने लगे हैं। जयपुर से चौथ का बरवाड़ा के लिए 25 रुपये लगते थे, अब उसमें 50 रुपये लगते हैं। जयपुर से कोटा के लिए पहले 25 रुपये लगते थे, अब उसमें 85 रुपये लगते हैं।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इस ट्रेन के किराये में हुई बढ़ोतरी पर पुनः विचार किया जाए और इसे वापस लिया जाए। इसके चक्कर में चौथ के बरवाड़े में क्रॉसिंग बदल जाती है, उसमें भी तीन घंटे ट्रेन खड़ी रहती है और इससे यात्री बहुत परेशान होते हैं। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि इस ट्रेन के बढ़े हुए किराये को वापस लिया जाए ताकि गरीब आदमी शहर पहुंच सके।

HON. SPEAKER:

Shri Dushyant Singh,

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Shri Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Sukhbir Singh Jaunapuria.